हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 छात्रों की उच्च शिक्षा हेतु विधायक ने खोला कॉलेज, लापरवाह...



07 युवक की मौत पर हंगामा, ग्रामीणों ने घेरा थाना, टीआई लाइन अटैच



खबर संक्षेप

बाढ़ नियंत्रण कक्ष समाप्त कर्मचारियों की मूल विभागों में वापसी

सागर। वर्षाकाल समाप्त होने के बाद नगर निगम द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन कार्यों के लिए गठित बाढ़ नियंत्रण कक्ष को समाप्त कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा वर्षाकाल के दौरान बाढ़ एवं आपदा की स्थिति से निपटने के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया था। अब वर्षाकाल समाप्त होने के बाद बाढ़ राहत दल में लगाए गए कर्मचारियों को उनके पूर्व निर्धारित विभागों में वापस भेज दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित कर्मचारी अब पूर्व की भांति अपने-अपने विभागों में कार्य करेंगे। वर्षाकाल के दौरान बाढ़ एवं आपदा से निपटने के लिए गठित राहत व्यवस्था के तहत कर्मचारियों ने जिम्मेदारियां संभाली थीं। अब नियमित विभागीय व्यवस्था बहाल कर दी गई है।

जनसुनवाई में हुई 200 आवेदनों पर कार्रवाई

सागर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 200 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अविनाश रावत, एसडीएम श्री रोहित वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 200 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

सागर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सागर जिले के रहली विकासखंड अंतर्गत वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में आगमन एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने डीएफओ रजनीश सिंह के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने हेलीपैड, चीता रिलीज पॉइंट सहित कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे, एसडीएम कुलदीप पाराशर सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रतिभा पाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने मुहली हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल के शेष कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, विद्युत एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ व्यवस्थित करने को कहा। उन्होंने पार्किंग, यातायात नियंत्रण के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर श्रीमती पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें।

सागर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर हुआ आयोजन

सागर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में तथा एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत आज शासकीय सांदीपनि विद्यालय एम एल बी नं 1, सागर में 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त संचालक सागर संभाग डॉ. एस आर रोशन एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.आशीष जैन के कर-कमलों द्वारा किया गया।

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन पर सागर और बुंदेलखंड के लिए ऐतिहासिक अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज 2 चीतों को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में करेंगे विमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन अवसर पर सागर और बुंदेलखंड के लिए वन्यजीव संरक्षण का एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 अक्टूबर को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में कूनो से लाए गए दो चीतों को विमुक्त करेंगे। इसके साथ ही यह मध्यप्रदेश में चीतों का तीसरा आवास बन जाएगा।

चीतों की मौजूदगी से सागर और बुंदेलखंड में वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए नए अवसर सृजित होंगे। देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटकों के यहां पहुंचेंगे, जिससे होटल, रिसॉर्ट, होम-स्टे, परिवहन, गाइड, वाहन चालक, छोटे व्यवसाय और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, जिसे नौरादेही टाइगर रिजर्व के नाम से भी जाना जाता है, सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों में लगभग 2,339 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। वर्ष 1997 में स्थापित इस क्षेत्र को नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य के साथ एकीकृत करने के बाद 20 सितंबर 2023 को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया। यह क्षेत्र बाघ, तेंदुआ, चीतल, सांभर, नीलगाय और भालू सहित विविध वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास है तथा संकटग्रस्त भारतीय गिद्ध प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है।

439 हेक्टेयर क्षेत्र में चीतों के लिए विशेष व्यवस्थाएं



कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य के बाद वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को मध्यप्रदेश में चीतों के तीसरे आवास के रूप में विकसित किया गया है। चीतों की सुरक्षा और अनुकूलन के लिए लगभग 439 हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आधुनिक बाड़ों (बोमा) और अन्य सुविधाओं से युक्त सुरक्षित आवास तैयार किया गया है। वन विभाग द्वारा चीतों की सुरक्षा, नियमित निगरानी और स्वास्थ्य देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही, क्षेत्र में मौजूद अन्य वन्यजीवों के लिए भी सुरक्षित और अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया गया है।

चीता पुनर्स्थापना अभियान को मिला नया विस्तार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर 2022 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाए गए चीतों को विमुक्त कर भारत में चीता पुनर्स्थापना अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से भी चीते भारत लाए गए। अब यह अभियान मध्यप्रदेश के अन्य उपयुक्त वन क्षेत्रों तक विस्तार ले रहा है। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों की विमुक्ति इसी व्यापक संरक्षण अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी है।

देश में चीतों की संख्या बढ़कर 60

5 अक्टूबर 2026 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में भारत में जन्मी मादा चीता केजेपी 21 ने पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया। इसके साथ देश में चीतों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है, जिनमें 41 भारत में जन्मे चीते शामिल हैं। 7 अक्टूबर को कूनो से नर थोलो और मादा सीसीबी-3 को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व लाया जाएगा। इनके स्थानांतरण के बाद कूनो में 54 चीतें रहेंगे। गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य में दक्षिण अफ्रीकी मूल के नर चीते प्रभास और पावक, मादा धीरा तथा सितंबर 2026 में बोत्सवाना से लाकर विमुक्त की गई मादा राधा मौजूद हैं। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में दो चीतों की विमुक्ति के साथ मध्यप्रदेश में चीता पुनर्स्थापना अभियान एक नए चरण में प्रवेश करेगा।



माँ शारदा के दरबार जा रहे श्रद्धालुओं से पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने की आत्मीय भेंट

गढ़ाकोटा। नवरात्रि के पावन अवसर पर रहली से मैहर स्थित माँ शारदा धाम तक लगातार 13 वर्षों से पदयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं से सोमवार के दिन रहली विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने अपने निज निवास 'गणनायक' पर आत्मीय भेंट की। इस दौरान पदयात्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें जलपान कराया और उनकी यात्रा के संबंध में जानकारी ली। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि लगातार 13 वर्षों से जारी यह पदयात्रा श्रद्धालुओं की अटूट आस्था,श्रद्धा, समर्पण और संकल्प का जीवंत उदाहरण है। कठिन रास्तों की परवाह किए बिना माँ शारदा के दर्शन के लिए पैदल निकलने वाले इन श्रद्धालुओं की भक्ति और धार्मिक भावना निश्चित रूप से प्रेरणादायी है। इस अवसर पर माँ शारदा से प्रार्थना की कि सभी पदयात्रियों की यात्रा सुखद, सुरक्षित एवं निर्विघ्न हो तथा माता रानी सभी श्रद्धालुओं और उनके परिवारों पर अपनी कृपा एवं आशीर्वाद सदैव बनाए रखें।



सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज न होने पर सचिवों व रोजगार सहायकों ने पूर्वमंत्री से लगाई गुहार

गढ़ाकोटा। सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज नहीं होने के कारण वेतन रोके जाने से नाराज जनपद पंचायत रहली के पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने सोमवार को पूर्व मंत्री एवं विधायक पं. गोपाल भार्गव से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने बताया कि सार्थक एप की तकनीकी एवं व्यावहारिक दिक्कतों के कारण उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी, जिसके चलते उनका वेतन रोक दिया गया है। उन्होंने इसे कर्मचारियों के लिए अव्यवहारिक बताते हुए वेतन भुगतान कराने की मांग रखी। समस्या सुनने के बाद पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने संबंधित जनपद प्रशासन को आवश्यक निर्देश देते हुए कर्मचारियों के वेतन भुगतान की कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर पंचायत सचिव संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह राजपूत सहित रहली जनपद क्षेत्र के सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने समस्या के निराकरण के लिए पूर्व मंत्री भार्गव का आभार व्यक्त किया।



वार्ड बॉय की पहल से 4 माह की बच्ची को मिली नई जिंदगी

सागर। किल्लई निवासी मजदूर अखिलेश अहिरवार की चार माह की बेटी जन्म से ही तालू में छेद की समस्या से पीड़ित थी। बच्ची मां का दूध पीती थी, लेकिन तालू में छेद होने के कारण दूध नाक से बाहर निकल जाता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार इलाज को लेकर परेशान था। बच्ची की परेशानी की जानकारी मिलने पर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में कार्यरत वार्ड बॉय परशुराम अहिरवार ने पहल की । उन्होंने परिवार को इलाज की राह दिखाने के लिए डॉ. अंकित जैन से संपर्क किया। डॉ. अंकित जैन के मार्गदर्शन में बच्ची के ऑपरेशन की व्यवस्था हुई और भोपाल में उसका निःशुल्क ऑपरेशन किया गया।पिता अखिलेश अहिरवार ने कहा बेटी की तकलीफ देखकर बहुत दुख होता था, लेकिन मजदूरी के कारण इलाज का खर्च जुटाना मुश्किल था। मैं डॉ. अंकित जैन और परशुराम अहिरवार का दिल से आभारी हूं, उनकी मदद से बेटी का निःशुल्क इलाज हो सका।

इस नवरात्रि मालथौन और बांदरी नगर परिषदों में होगी हर घर नल से जल योजना की शुरुआत

सागर। खुरई विधानसभा क्षेत्र की दो नगर परिषदों बांदरी और मालथौन में नवरात्रि के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दी गई सौगात जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर नल से जल योजना' का शुभारंभ हो जाएगा। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से इन दोनों नगर परिषदों की हर घर नल जल योजनाओं के लिए आवश्यक सुरक्षा निधि की राशि कुल 1,53,46,210 एमपीयूडीसी के माध्यम से जमा करा दी गई है।मप्र जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई सागर द्वारा क्रियान्वित मालथौन समूह जल प्रदाय योजना से मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी को जल शोधन केंद्र से 4.27 एमएलडी क्लीयर वाटर प्रदाय किया जाएगा। इसके लिए 81,29,945 राशि का भुगतान एमपीयूडीसी द्वारा कर दिया गया जिससे बांदरी जलप्रदाय योजना को शुद्ध जल सप्लाई किया जाएगा।

रैम्प कार्यशाला में उद्यमियों को योजनाओं और व्यवसाय विकास की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर पाल के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की योजना के तहत होटल राम सरोज में दो दिवसीय रैम्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उद्यमियों एवं स्वसहायता समूहों को केंद्र एवं राज्य शासन की उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के उद्यमियों, आकांक्षी युवाओं एवं स्वसहायता समूहों को शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराने के साथ वित्तीय जागरूकता, व्यवसाय के औपचारिकीकरण, गुणवत्ता सुधार, बौद्धिक संपदा एवं सतत व्यवसाय संचालन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक उद्योग टी.आर. रावत, जी.एल. पुनताम्बेकर, प्राध्यापक (रि.) डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, अरविन्द भाई, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, दवेंदर सिंह चावला, सरनेन्द्र जैन, अध्यक्ष साइट, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सागर सहित उद्यमीगण उपस्थित रहे।

कार्यशाला के प्रथम दिवस उद्यमियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेकर अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से संचालित करने तथा निरंतर आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान प्रोत्साहन योजना एवं मध्यप्रदेश डैडम भू-आवंटन नियमों की



जानकारी भी प्रदान की गई।

जी.एल. पुनताम्बेकर ने उद्यमियों को ''कॉस्ट एकाउंटिंग'' विषय पर सहज भाषा में जानकारी देते हुए उत्पादन लागत कम करने के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं लघु उद्योग भारती, सागर के जिलाध्यक्ष श्री अरविन्द भाई जी ने कहा कि जिले में लघु उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने उद्यमियों से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर जिले में उद्योग एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने का आह्वान किया। दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना'' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यशाला में व्यवसाय को औपचारिक रूप देने, वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने, उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा, स्थानीय उत्पादों की पहचान एवं ब्रांडिंग तथा संसाधनों के कुशल उपयोग जैसे विषयों पर विषय-विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यशाला का ''द्वितीय दिवस स्टार्टअप अवेयरनेस, सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नेशनल इनोवेशन चौलेंज, ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स अवेयरनेस एवं वित्तीय जागरूकता'' जैसे विषयों पर केंद्रित रहेगा।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।



कैरियर काउंसलिंग में छात्राओं को रोजगार एवं उच्च अध्ययन की जानकारी

गढ़ाकोटा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गढ़ाकोटा में सोमवार को कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को विभिन्न विषयों में रोजगार के अवसर, कैरियर की संभावनाओं तथा उच्च शिक्षा के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। कैरियर काउंसलिंग के दौरान एडवोकेट महेन्द्र शर्मा, फार्मासिस्ट शैलेन्द्र चौरसिया, परामर्शदाता दीपमाला सैनी, ब्यूटीशियन कु. अनुप्रिया कोष्टी, कंप्यूटर विशेषज्ञ शरद चौबे एवं कॉमर्स विशेषज्ञ आदर्श सोनी ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित जानकारी छात्राओं के साथ साझा की। विशेषज्ञों ने छात्राओं को रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों एवं उच्च अध्ययन के विकल्पों के बारे में विस्तार से बताया तथा उनके प्रश्नों के जवाब देकर जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य हरिशंकर सोनी, एस.एल. सोनी, शैलजा खरे, कैरियर काउंसलर एवं नोडल प्रभारी सोनम पांडे, राजू जाटव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था

सेना भर्ती रैली का छठा दिन: 581 युवाओं ने दौड़ में सफलता हासिल कर अगले चरण में किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर में आयोजित वार्षिक अग्निवीर भर्ती रैली के छठे दिन युवाओं में उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। 01 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही भर्ती प्रक्रिया में युवा पूरे उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ सहभागिता कर रहे हैं।

रैली के छठे दिन कुल 879 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कड़ी शारीरिक परीक्षा एवं प्रतिस्पर्धा के उपरांत 581 अभ्यर्थियों ने दौड़ में सफलता हासिल की, जो कुल उपस्थित अभ्यर्थियों का 66.10 प्रतिशत है। सफल अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन एवं आवश्यक कागजी कार्यवाही की जा रही है। इसके पश्चात चयनित अभ्यर्थी शारीरिक



प्रवीणता परीक्षण, शारीरिक मापदंड एवं मेडिकल जांच की प्रक्रिया से गुजरेंगे।

सागर अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए होटल पैराडाइज के पीछे स्थित शिव पार्वती मैरिज गार्डन में ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन एवं सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारू एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा रहा है।

सेना भर्ती कार्यालय की अभ्यर्थियों से अपील

सेना भर्ती कार्यालय ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि भारतीय सेना में चयन पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता (मेरिट) के आधार पर होता है। भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की दलाली अथवा अनुचित साधनों का कोई स्थान नहीं है। अभ्यर्थी किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या दलाल के बहकावे में न आएं और भर्ती प्रक्रिया में पूरी निष्ठा एवं अनुशासन के साथ सहभागिता करें।

ग्राम पंचायतों में नशा मुक्ति अभियान ग्रामीणों और विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

सागर। जनपद पंचायत सागर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत पगारा, ग्राम पंचायत रुसाल्ला, ग्राम पंचायत बमोरी बीका, ग्राम पंचायत रिछावर, ग्राम पंचायत खेजराबाग, ग्राम पंचायत खेजरा बुधू, ग्राम पंचायत गढ़पहरा मुहली और ग्राम पंचायत बरपानी में ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में शासकीय कलापथक दल द्वारा बिलहरा नगर परिषद के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में भी नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

ई-अटेंडेंस लगी, लेकिन शिक्षक नदारद, लिधौरा कॉलेज की पढ़ाई पर उठे सवाल

छात्रों की उच्च शिक्षा हेतु विधायक ने खोला कॉलेज, लापरवाह शिक्षक लगा रहे ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के लिधौरा क्षेत्र के विद्यार्थियों को घर के नजदीक उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिधौरा में शासकीय महाविद्यालय खुलवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक हरिशंकर खटीक द्वारा किए गए अथक प्रयासों के बीच अब इसी कॉलेज की शिक्षण व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय नागरिकों सहित कॉलेज के कुछ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा नाम न छापने की शर्त पर लगाए गए आरोपों के मुताबिक महाविद्यालय में पदस्थ कुछ शिक्षक ई-अटेंडेंस के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के बाद नियमित रूप से कॉलेज में मौजूद नहीं रहते। आरोप है कि कुछ शिक्षक दोपहर करीब 12 बजे उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कॉलेज से चले जाते हैं और दोपहर बाद वापस लौटते हैं। यदि ये आरोप जांच में सही पाए जाते हैं तो यह न केवल महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल होगा, बल्कि क्षेत्र के करीब 1100 विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित होने की आशंका है। बताया गया है कि शासकीय महाविद्यालय लिधौरा का निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक है। महाविद्यालय में करीब 1100 विद्यार्थी नामांकित बताए जा रहे हैं। इसके बावजूद भी मौके पर विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत बेहद कम दिखाई देती है। इस स्थिति ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में नामांकित विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं किस तरह संचालित हो रही हैं और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का लाभ कितना मिल पा रहा है।



मौके पर नहीं मिले, फोन पर बदल गया कारण

शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर उठ रहे सवालों के बीच स्थानीय लोगों द्वारा महाविद्यालय में पहुंचकर स्थिति देखने का भी दावा किया गया। इस दौरान शिक्षक राशिद खान ई-अटेंडेंस दर्ज होने के बावजूद मौके पर मौजूद नहीं मिले। करीब 30 से 35 मिनट तक इंतजार करने के बाद भी शिक्षक राशिद खान कॉलेज में नहीं आये। जब शिक्षक राशिद खान से फोन से संपर्क कर उनका पक्ष जाना गया तो फोन पर शिक्षक राशिद खान ने पहले लगभग 10 मिनट के लिए किसी काम से बाहर जाने की बात कही। जब बाहर जाने के कारण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पहले बैंक जाने की बात कही, लेकिन बातचीत के दौरान कुछ समय बाद ही अपनी बात बदलते हुये उन्होंने कॉलेज में बिजली नहीं होने के कारण फोटोकॉपी कराने बाहर जाने की बात कही। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य ब्रजेन्द्र सिंह यादव से फोन पर जानकारी ली गई तो उन्होंने कॉलेज में बिजली अथवा पानी की किसी समस्या से साफ इनकार किया। अब शिक्षक के बताए कारण और प्राचार्य के कथन में अंतर क्यों सामने आया, इसकी वास्तविकता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

1100 छात्रों में से कम उपस्थिति भी जांच का विषय

महाविद्यालय में करीब 1100 विद्यार्थियों के नामांकन के बावजूद मौके पर विभिन्न कक्षाओं में कुछ सैकड़ा विद्यार्थियों के ही दिखाई देने की बात सामने आई है। हालांकि कम उपस्थिति के पीछे विद्यार्थियों की व्यक्तिगत अनुपस्थिति समेत कई कारण हो सकते हैं, लेकिन स्थानीय लोगों ने शिक्षकों की कथित अनियमित उपस्थिति और नियमित कक्षाओं के संचालन को भी इसकी एक संभावित वजह बताते हुए जांच की मांग की है। स्थानीय नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों से महाविद्यालय की ई-अटेंडेंस व्यवस्था, शिक्षकों की वास्तविक उपस्थिति, कक्षाओं के संचालन और विद्यार्थियों की उपस्थिति की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि औचक निरीक्षण और जांच के माध्यम से ही महाविद्यालय की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

ई-अटेंडेंस के बाद घंटो के लिये शिक्षक कॉलेज से बाहर

स्थानीय नागरिकों एवं विद्यार्थियों का आरोप है कि ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू होने के बावजूद कुछ शिक्षक अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के बाद महाविद्यालय परिसर से बाहर चले जाते हैं। आरोपों के मुताबिक कुछ शिक्षक दोपहर बाद तक कॉलेज में दिखाई नहीं देते और फिर शाम के समय वापस आते हैं। यदि महाविद्यालय में नियमित कक्षाओं के समय शिक्षकों की उपस्थिति प्रभावित हो रही है तो यह विद्यार्थियों के हित से जुड़ा गंभीर विषय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का अवसर उनके घर के नजदीक उपलब्ध हुआ है। ऐसे में शिक्षकों की कथित अनियमित उपस्थिति के कारण यदि विद्यार्थी कॉलेज आने से ही कतराने लगे हैं तो महाविद्यालय खोलने का मूल उद्देश्य प्रभावित हो सकता है।

विधायक ने प्राचार्य को फोन कर दी सख्त चेतावनी

शिकायत सामने आने के बाद क्षेत्रीय विधायक हरिशंकर खटीक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल महाविद्यालय के प्राचार्य ब्रजेन्द्र सिंह यादव से फोन पर जानकारी ली। विधायक हरिशंकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उन्होंने सरकार से आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयास किए हैं। ऐसे में यदि शिक्षक महाविद्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो यह गंभीर लापरवाही है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक हरिशंकर ने कहा कि वे कभी भी अचानक महाविद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि औचक निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



भवन से लेकर फर्नीचर तक, सुविधाएं जुटाने का दावा

विधायक हरिशंकर ने बताया कि लिधौरा महाविद्यालय का भवन बनने के बाद शिक्षकों की नियुक्ति, फर्नीचर, पानी और बिजली जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए प्राथमिकता से प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल के लिए 67 लाख 66 हजार रुपये की राशि भी स्वीकृत कराई गई है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

पुलिस की गश्त के दौरान कार्रवाई

रात के अंधेरे में दबोचे देशी कट्टा कारतूस लिए घूम रहे तीन युवक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़ागांव धसान

जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ागांव थाना पुलिस ने रात में गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से 315 बोर का देशी कट्टा और कारतूस लेकर घूम रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा 315 बोर के आठ चले हुए खाली खोखे बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक टीवीएस रेडर मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन तथा 5280 रुपये की नकदी भी जब्त की है।

बड़ागांव धसान थाना प्रभारी जयेन्द्र गोयल ने जानकारी देते हुये बताया कि पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में बड़ागांव थाना पुलिस द्वारा रात में लगातार गश्त की जा रही थी। इसी दौरान 5-6 अक्टूबर की दरमियानी रात सागर टीकमगढ़ रोड पर गोल ढाबा के पास पुलिस को तीन युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर तीनों को रोककर तलाशी ली तो उनके कब्जे से अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों की पहचान 19 वर्षीय शशिराजा बुंदेला निवासी ग्राम गोधन थाना चंदेरी, जिला अशोकनगर, हाल निवासी ग्राम दरी थाना बुडेरा, 39 वर्षीय चन्द्रभान लोधी, निवासी ग्राम दरी थाना बुडेरा तथा 31 वर्षीय गोविंद लोधी निवासी ग्राम दरी थाना बुडेरा के रूप में की है।

पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और 315 बोर के आठ चले हुए खाली खोखे बरामद किए गए। इसके अलावा एक टीवीएस रेडर मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन तथा 5280 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। जप्त किये गये सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपये बताई गई है। बड़ागांव पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों के पास अवैध हथियार और कारतूस कहां से आए तथा आठ खाली कारतूसों के इस्तेमाल की परिस्थितियां क्या हैं।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयेन्द्र गोयल के नेतृत्व में सादिक खान, केपी दांगी, शैलेन्द्र चौधरी, आरक्षक मुकेश बामनिया, आरक्षक अभिषेक यादव, आरक्षक शुभम कौशिक तथा आरक्षक चालक राजवीर सिंह भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ग्रामीणों का दावाः पुलिस के पहुंचने से पहले विक्रेताओं को मिल जाती है सूचना

पनियाराखेरा में खुलेआम बिक रही अवैध शराब!

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पनियाराखेरा में कथित अवैध शराब बिक्री को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है, जिसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है। ग्रामीणों ने आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में लंबे समय से अवैध रूप से शराब की बिक्री किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि शराब बिक्री का विरोध करने वाले ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की स्थिति तक निर्मित हो जाती है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विरोध करने वालों को धमकाते हुए कहा जाता है कि शराब की सप्लाई ठेकेदारों के माध्यम से होती है और इसे कोई बंद नहीं करा सकता। इन आरोपों के चलते गांव में शराब कारोबार को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब बिक्री के संबंध में पूर्व में थाना दिगौड़ा में लिखित शिकायत भी की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजे जाने का भी ग्रामीणों ने दावा किया, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस के गांव पहुंचने से पहले ही



शराब विक्रेताओं को कार्रवाई की भनक लग जाती है और शराब को मौके से हटा दिया जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक पुलिस के वापस लौटते ही कथित शराब बिक्री फिर शुरू हो जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने मामले को लेकर सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी कई शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन आरोप है कि शिकायतों के बावजूद अब तक मौके पर प्रभावी जांच और कार्रवाई नहीं की गई। कुछ ग्रामीणों ने शिकायतकर्ताओं की जानकारी कथित शराब विक्रेताओं तक पहुंचने का आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि शिकायत करने के बाद उन्हें विवाद और दबाव का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण कई लोग खुलकर सामने आने से भी बचते हैं। इधर, सागर जिले के बंडा क्षेत्र में जहरीली शराब से जुड़ी घटना के बाद अवैध शराब के कारोबार को लेकर प्रशासन की जिम्मेदारी और कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। पनियाराखेरा के ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में यदि अवैध शराब की बिक्री और सप्लाई पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में कोई गंभीर घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने प्रशासन से किसी अप्रिय घटना का इंतजार करने के बजाय शिकायतों की गंभीरता से जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का दावा है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी अवैध शराब की बिक्री और सप्लाई का नेटवर्क सक्रिय है। आरोप है कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों के माध्यम से अलग-अलग स्थानों पर शराब पहुंचाई जाती है। इस संबंध में एक वीडियो के वायरल होने की भी बात सामने आई है, जिसमें कथित तौर पर शराब की सप्लाई से जुड़ी गतिविधियां दिखाई दे रही हैं। हालांकि वीडियो और ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से पनियाराखेरा सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री की शिकायतों की निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच कराने की मांग की है। साथ ही शिकायतकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, शराब की कथित सप्लाई के स्रोत तक पहुंचने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दो महीने पहले लगी थी लिफ्ट

हद है: 6 यात्रियों का भार भी नहीं संभाल सकी 90 लाख की लिफ्ट, पांच फीट नीचे गिरी लिपफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर करीब दो महीने पहले लगाई गई लगभग 90 लाख रुपए की लिफ्ट सोमवार रात करीब 11 बजे अचानक नीचे गिर गई। प्लेटफॉर्म-2 से प्लेटफॉर्म-1 की ओर जाने के लिए छह से अधिक यात्री लिफ्ट में सवार थे। लिफ्ट के ऊपर उठते ही अचानक करीब पांच फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि लिफ्ट नीचे लगे बफर स्प्रिंग में करीब एक फीट नीचे जाकर अटक गई और बड़ी दुर्घटना टल गई।

प्रत्यक्षदर्शी यात्रियों प्रियम जैन, संदीप यादव, अभिषेक यादव और मनोज कुमार के मुताबिक, लिफ्ट में सवार यात्री सामान्य रूप से प्लेटफॉर्म बदलने के लिए जा रहे थे। लिफ्ट ऊपर उठने के कुछ ही क्षण बाद अचानक नीचे आ गिरी। झटके के साथ लिफ्ट नीचे जाने से उसमें मौजूद यात्रियों में घबराहट फैल गई। हालांकि बफर स्प्रिंग के कारण लिफ्ट पूरी तरह नीचे नहीं गिरी, जिससे यात्रियों की जान बच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मंगलवार दोपहर ललितपुर से रेलवे अधिकारी टीकमगढ़ पहुंचे और लिफ्ट की स्थिति का जायजा लेते हुए तकनीकी जांच की। ललितपुर में पदस्थ सीनियर सेक्शन इंजीनियर पुरुषोत्तम मीणा ने बताया कि लिफ्ट क्षमता से अधिक भार यानी ओवरवेट होने के कारण नीचे गिरी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस दौरान ओवरलोड का सेंसर अलार्म काम नहीं कर पाया। जांच के बाद लिफ्ट को दुरुस्त कर दिया गया है और वर्तमान में उसके सही तरीके से काम करने की बात कही गई है।

ओवरलोड सेंसर ने भी नहीं किया काम, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल



हालांकि रेलवे अधिकारी की ओर से ओवरलोड को हादसे का कारण बताया गया है, लेकिन यात्रियों ने लिफ्ट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। यात्रियों का कहना है कि यदि लिफ्ट की निर्धारित क्षमता 13 यात्रियों अथवा 884 किलोग्राम है, तो छह से अधिक यात्रियों के सवार होने पर ही उसका अचानक नीचे गिर जाना गंभीर चिंता का विषय है। खासकर तब, जब लिफ्ट में ओवरलोड की स्थिति की जानकारी देने वाला सेंसर भी काम नहीं कर पाया। टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। इन कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण 17 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए थे। योजना के तहत लगाए गए आधुनिक यात्री सुविधाओं के उपकरणों में शामिल लिफ्ट के महज दो महीने में नीचे गिरने की घटना ने निर्माण एवं स्थापना कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों ने मांग की है कि लिफ्ट की क्षमता, ओवरलोड सेंसर, ब्रेकिंग सिस्टम, बफर स्प्रिंग सहित तमाम सुरक्षा मानकों की स्वतंत्र और तकनीकी जांच कराई जाए। साथ ही निर्माण एवं लिफ्ट स्थापित करने वाली जिम्मेदार एजेंसी की भूमिका की भी जांच कर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि रेलवे स्टेशन जैसी सार्वजनिक जगह पर बड़ी संख्या में यात्रियों के इस्तेमाल वाली लिफ्ट में छोटी सी तकनीकी चूक भी कभी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

विधायक खटीक ने लिया नेत्र सेवा संकल्प, जतारा में लगा शिविर



टीकमगढ़। सेवा और संवेदनशीलता को जनकल्याण से जोड़ते हुए सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत संचालित सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। जतारा में आयोजित शिविर में विधायक हरिशंकर खटीक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता के अनुसार उन्हें निःशुल्क चश्मे और दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार संबंधी सहायता उपलब्ध कराई गई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं आम नागरिकों को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही नेत्र संबंधी जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना रहा। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए गए। टीकमगढ़ विकासखंड का शिविर जिला चिकित्सालय, बल्देवगढ़ विकासखंड का शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगापुर, जतारा विकासखंड का शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा तथा पलेरा विकासखंड का शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा में आयोजित किया गया। इन शिविरों में पहुंचे नागरिकों का चिकित्सकों ने नेत्र परीक्षण किया और जांच के बाद आवश्यकता के अनुसार चश्मे, दवाइयां, चिकित्सा परामर्श एवं उपचार संबंधी सहायता प्रदान की। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव धसान में भी निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। यहां भी मरीजों की आंखों की जांच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मे और दवाइयों का वितरण किया गया।

पंचायत सचिवों की रुकेंगी दो वेतनवृद्धियां, समीक्षा बैठक में जताई कड़ी नाराजगी

लंबित संबल प्रकरणों में लापरवाही पड़ेगी भारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और उदासीनता अब कर्मचारियों पर भारी पड़ेगी। संबल योजना के लंबित प्रकरणों पर न्यूनतम कार्यवाही पाए जाने पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों की दो वेतनवृद्धियां रोकने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबल योजना के पंजीयन एवं लंबित प्रकरणों की जनपदवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से उनके स्तर पर लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। समीक्षा में सामने आया कि कई प्रकरण लंबे समय से पोर्टल पर लंबित हैं और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए लंबित प्रकरणों में न्यूनतम कार्यवाही करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों को चिन्हित कर उनकी दो वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों, जनकल्याणकारी योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, विकास कार्यों और जिले में संचालित अभियानों की भी समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन की विभागवार एवं अधिकारीवार समीक्षा करते हुए उन्होंने तहसीलवार लंबित शिकायतों की जानकारी ली। अपर



कलेक्टर एवं संबंधित एसडीएम को शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने सेवा संकल्प अभियान की आगामी गतिविधियों की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर नेत्र परीक्षण शिविर, 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कार्यक्रम, 8 अक्टूबर को दिव्यांगजन सम्मान तथा 9 अक्टूबर को वृहद वृक्षारोपण गतिविधि आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जनविश्वास शिविरों की समीक्षा के दौरान बल्देवगढ़ ब्लॉक में आयोजित होने वाले आगामी शिविर की तैयारियों की जानकारी ली गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण हो तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। बैठक में खाद वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने सभी मार्कफेड गोदामों में खाद की उपलब्धता और आपूर्ति की जानकारी लेते हुए गोदामवार उपलब्धता, वितरण, शेष मात्रा और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत रिपोर्ट अगले दिन शाम तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

एसआईआर कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदाता सूची का पुनः अवलोकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए। नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए कॉलेजों में शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत चल रही भू-अर्जन प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों से बटांकन प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने आवश्यक कार्रवाई समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में पीएमडीडीकेवाय योजना, आयुष्मान आरोग्य योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, टीएल पत्रकों, स्वामित्व योजना, राजस्व प्रकरणों, न्यायालयीन एवं कोर्ट अवमानना प्रकरणों, केन-बेतवा लिंक परियोजना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित भू-अर्जन कार्य तथा फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई।

हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने लगाया जाम, 5 घंटे तक होता रहा हंगामा

युवक की मौत पर हंगामा, ग्रामीणों ने घेरा थाना, टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तहसील मुख्यालय विजयपुर में मंगलवार को विजयपुर सबलगढ़ मार्ग पर एक पिकअप और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क हादसे के बाद लोगों के कॉल करने पर डायल 112 स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर आरोपी पिकअप के ड्राइवर को गाड़ी में बैठा लिया और फिर थाने ले जाने के बजाए उसे रास्ते में ही छोड़ दिया। जिससे गुस्साए परिजनों ने फोन कर ग्रामीणों को बुलाकर ऐसा हंगामा किया कि पुलिसकर्मी खुद की जान बचाते दिखे। बाद में शव को क्वारी नदी पुल पर रखकर जाम लगा दिया। इस हंगामा की सूचना मिलने पर एसपी मोतिउर रहमान ने विजयपुर टीआई को लाइन अटैच कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 11:00 के करीब विजयपुर से इकलौद की ओर अपनी बाइक से जा रहे कल्लू दीक्षित 50 साल को सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 को कॉल लगा कर दी डायल 112 की गाडी तत्काल मौके पर पहुंच भी गई थी जहां पिकअप गाड़ी के साथ मौजूद ड्राइवर को गाड़ी में मौजूद पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया और पकड़कर गाड़ी में बैठा कर थाने के लिए रवाना हो गए लेकिन थाने लाने के बजाय ड्राइवर को स्टाफ ने रास्ते में ही छोड़ दिया। इसकी जानकारी परिजनों को जब लगी तो वह थाने में रिपोर्ट करने पहुंचे जहां थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें बताया कि यहां तो कोई भी नहीं आया है ना डायल 112 की गाड़ी आई और न ही कोई आरोपी पकड़ा गया इससे बाद ग्रामीणों ने थाने के बाहर हंगामा किया बाद में लोगो की भीड ने कुंवारी नदी के पुल पर जाम लगा दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर ने प्रदर्शनकारी ग्रामीणो से चर्चा करते हुए उन्हें समझाइस दी। लेकिन आंदोलनकारी ग्रामीण विजयपुर टीआई पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग अड गए। इधर इस मामले की जानकारी एसपी को मिलने पर उन्होने तत्काल विजयपुर टीआई राजन सिंह गुर्जर को विजयपुर थाने से हटाकर महिला थाना प्रभारी बना दिया। इससे ग्रामीण और भडक गए कि जिस थाना प्रभारी को निलंबित करना चाहिए,उसे दूसरे थाने का प्रभारी बना दिया गया। ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ने के बाद एसपी ने टीआई राजन सिंह गुर्जर को लाइन हाजिर कर दिया। इस कार्रवाई के बाद ग्रामीण माने और शाम करीब 5 बजे के आसपास जाम खुल सका। लेकिन दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक लगे रहे इस जाम के कारण लोगो को खासी असुविधाएं झेलनी पडी थी।



पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास

हंगामा तब अधिक बढ़ गया जब मृतक के एक परिजन शिवम दीक्षित ने पुलिसिया कार्रवाई से नाराज होकर खुद अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। इस भावुक क्षण को देख अन्य परिजन और ग्रामीण भी आक्रोषित हो गए और जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा इतना अधिक बढ़ गया कि पुलिसकर्मी ग्रामीणों को शांत करने के साथ खुद बचाते भी दिखाई पड़े। बाद में मौके पर पहुंचे एसडीओपी के समझाइश और एसपी द्वारा टीआई को लाइन अटैच कर देने तथा डायल 112 के स्टाफ के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ही जाम खोला जा सका।

पांच घंटे तह जाम रहा विजयपुर

आंदोलनकारियों ने दोपहर 12 बजे से कुंवारी नदी पुल पर शव रखकर जाम लगा दिया यह जाम करीब शाम 5 बजे तक चला जिसके कारण विजयपुर पूरा थमा दिखाई पड़ा। सबसे अधिक परेशानी तो स्कूली बच्चों को आई जिनकी छुट्टी 4:30 बजे हो गई थी लेकिन उनकी स्कूल बस जाम में फंस अपने बच्चों को में जाम में फंस जाने की सूचना मिलने से अभिभावक भी परेशान हो गए। अधिकतर अभिभावक अपने बच्चों को गोद में उठाकर जाम और भीड़ से पैदल निकालकर ले और बाईक के माध्यम से घर तक पहुंचे। कई यात्री जो सबलगढ़ की ओर से विजयपुर आए थे वह अपना सामान सिर पर रखकर पैदल ही घर की ओर जाते दिखाई पड़े।

इनका कहना..

प्रदर्शनकारी लोग समझाइस पर मान गए। वैसे टक्कर मारने वाले पिकअप चालक को छोड़ा नहीं गया था, बल्कि उसके भी चोट होने के कारण उसे इलाज के लिए मुरैना रैफर किया गया। लेकिन उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी की बदली हो गई है।

राघवेन्द्र सिंह तोमर
एसडीओपी, श्योपुर

श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर इस बार हो रहा रामलीला का 77 वां आयोजन

नारद मोह लीला के साथ रामलीला का शुभारंभ, आज होगा ताड़का वध

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के शिवपुरी रोड स्थित श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर 76 सालों से आयोजित होती आ रही रामलीला का इस बार 77 वां आयोजन बीती रात को नारद मोह लीला के मंचन के साथ आरंभ हो गया। रामलीला के पहले दिन आयोजित समिति पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक और बडी संख्या में श्रद्धालुओ ने पहुंचकर रामलीला का आनंद लिया। बुधवार को रामलीला में ताड़का वध और गोरीपूजन की लीला का मंचन किया जाएगा।

श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित रामलीला के दौरान सुसज्जित मंच पर सोमवार की रात 9 बजे से भगवान श्री गणपति और श्री हरि विष्णु की आरती के साथ रामलीला का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कलाकारो ने शानदार अभिनय करते हुए प्रथम दिवस की रामलीला का मंचन किया, जिसमें नारद जी की तपस्या से भयभीत होकर इंद्र ने कामदेव को अप्सराओं समेत नारद जी की तपस्या भंग करने के लिए भेजा, लेकिन कामदेव असफल हो गए। नारद जी को अभिमान हो गया कि उन्होंने कामदेव को जीत लिया, तब नारद जी ने पूरा वृतांत ब्रह्मा जी को सुनाया। ब्रह्मा जी ने इस वृत्तांत को शिव जी को नहीं बताने की बात कही, फिर भी नारद जी ने शिवजी एवं श्री हरि विष्णु को अपनी उपलब्धि के बारे में बताया। तब श्री हरि ने नारद जी की अभिमान रूपी पौधे को उखाड़ फेंकने का प्रण लिया और लीला रची। सीलनिधी राजा की पुत्री विश्वमोहिनी के रूप से मोहित नारद उससे विवाह के लिए श्री हरि से सुंदर रूप मांगने गए, लेकिन श्री हरि ने वानर का रूप प्रदान कर उन्होंने उनको कुरूप बना दिया। स्वयंवर में विश्व मोहिनी कन्या ने नारद जी की ओर देखा भी नहीं, वहीं श्री हरि सुंदर सुकुमार बनकर विश्व मोहिनी का वरण कर ले गए। इस दौरान गणों ने नारद जी को जब आईना दिखाया तो नारद जी भयंकर क्रोधित होकर भगवान विष्णु के पास पहुंचकर उनको श्राप दे दिया, कि जो बंदर का स्वरूप मुझे प्रदान किया है वही बंदर तुम्हारी मनुष्य रूपी अवतार में सहयोग करेंगे। इसके बाद श्री हरि की माया हटते ही नारद जी को अपनी गलती का एहसास हुआ और क्षमा याचना की, तब भगवान श्री हरि ने भगवान शिव का भजन करने की प्रेरणा दी। रंगमंच के कलाकारों के बेहतरीन अभिनय को सभी ने सराहा।

खाद-पानी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



खाद, पानी की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने किसानों के साथ मंगलवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान कांग्रेस के बैनरतले विधायक बाबू जंडेल एवं किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में जिले में डीएपी खाद की कमी व चंबल नहर में पर्याप्त पानी छोड़े जाने की मांग की। ज्ञापन में डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने चंबल नहर में सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी तत्काल छोड़े जाने, नहरों में पानी की नियमित आवक सुनिश्चित करने तथा माइनरियों की समय पर सफाई कराने की मांग रखी गई। चार दिन में खाद की समस्या का समाधान नहीं होने और चंबल नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोडे जाने पर किसान कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों द्वारा बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान कांग्रेस जिला कांग्रेस अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, जिला संगठन मंत्री संजीव कुशवाहा, जिला महामंत्री रामचरण मीणा, दीपक राजावत, जनपद सदस्य राहुल मीणा, हंसराज मीणा, साजिद मेव, आरिफ, रुक्मकेश बासोद, ओमप्रकाश बासोद, सेठा बंजारा, महेश प्रजापति, मोनू वित्तलपुर सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।

अपहरणकांड में पुलिस ने पांच आरोपियों को किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े हुए एक युवक के अपहरण मामले में पुलिस ने देव डांसर समेत पांच आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। वहीं वह गाड़ी भी जब्त कर ली गई है,जिसमें बैठाकर युवक का अपहरण किया गया है। इस मामले मे एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। जिसकी पुलिस की ओर से तलाश की जा रही है।

बता दें कि ग्राम उतनवाड निवासी कपिल मीणा को कार सवार कुछ लोगो ने तब अपहरण कर लिया,जब वह बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के यहां से वापस गांव लौट रहा था। कपिल मीणा की दुकान के कर्मचारी की मारपीट और फिर कपिल मीणा को जबरन गाडी में बैठाकर उसका अपहरण कर ले जाने की घटना से पूरे बडौदा क्षेत्र में सनसनी फेल गई। परिजनों सहित क्षेत्र के लोगो ने बडौदा थाने का घेराव करते हुए हंगामा मचा दिया। आनन फानन में पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश के लिए अलग अलग स्थानों पर पुलिस पार्टिया भेजी गई। तभी शाम को कपिल मीणा सकुशल बडौदा लौटकर आ गया। कपिल मीणा ने अपने बयानों के दौरान बताया कि कट्टे की नौक पर उसका अपहरण किए जाने के बाद नामजद आरोपी उसे सिरोनी के जंगल में ले गए। जहां उनके द्वारा मुझे मारने की योजना थी। लेकिन वह किसी तरह बदमाशो को चकमा देकर छूटकर वापस आ गया। कपिल मीणा ने उसका अपहरण करने वाले आरोपियों के नाम पुलिस को बताए। जिसके बाद पुलिस ने अपहरण कांड के पांच आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। एएसपी प्रवीण कुमार भूरिया ने बताया कि जिन पांच आरोपियों को अरेस्ट किया है,उनमें देवेन्द्र रावत उर्फ देव डांसर, बलराम रावत, शनि रावत, रनजीत, कबीर सोनी शामिल है।

अब सुविधाजनक भवन में बैठेंगे नौनिहाल, आंगनबाड़ी का उद्घाटन



श्योपुर। वार्ड क्रमांक 15 के 3 से 6 साल तक के बच्चे जो अभी तक किराए के भवन में संचालित आंगनबाड़ी पर सिर्फ पोषण आहार वितरण का लाभ ले रहे थे अब वह आंगनबाड़ी केंद्र पर शालापूर्व शिक्षा, पोषण आहार के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी हिस्सा ले सकेंगे क्योंकि सरकार द्वारा बनाए गए आंगनवाड़ी भवन का मंगलवार को वार्ड 15 के पार्षद मुरली सुमन ने फीता काटकर शुभारंभ कर दिया है। इस दौरान आंगन मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें कुपोषण से कैसे बचा जाए विषय पर परिचर्चा हुई। आंगनबाड़ी केंद्र 15 ए के लिए बने भवन का मंगलवार को पार्षद ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों को खीर पुरी और लड्डू का भोग भी लगवाया बाद में माताओं के साथ आयोजित किए गए आंगन मिलन कार्यक्रम के तहत परीचर्चा की और कुपोषण से बचने के उन्हें जागरूक किया गया। पार्षद मुरली सुमन में माताओ को बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह समर्पण अभियान चल रहा है जिसके तहत आंगनबाड़ियों में भी आंगन मिलन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं उन्होंने कहा यह कार्यक्रम सिर्फ औपचारिकता ना रहे बल्कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से हम आज जो कमियां हैं उन्हें दूर करें और हमेशा के लिए कुपोषण को अलविदा कहें। इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजर शानो कुरैशी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता माहौर सहायिका गोलू आर्य, छात्रावास अधीक्षक रश्मि गोयल मौजूद रही। आंगन मिलन कार्यक्रम में मिस हीमोग्लोबिन बनी कशिश मेहर का भी सम्मान भी किया गया।

तोमर को बडौदा तो यास्मीन को बनाया विजयपुर टीआई

दो घंटे में बदला तबादला आदेश, महिला थाना प्रभारी बनाए राजन सिंह को किया लाइन हाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

काफी दिनों से बिना टीआई के चल रहे बडौदा थाने को अपहरणकांड की घटना के बाद नया टीआई मिल गया है। पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान ने श्योपुर जिले में नए पदस्थ हुए इंस्पेक्टर अरविंद सिंह तोमर को बडौदा टीआई बना दिया गया है। वहीं महिला थाने की जिम्मेदारी संभाल रही लेडी इंस्पेक्टर यास्मीन खान को विजयपुर थाना प्रभारी बना दिया गया है। उधर विजयपुर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे इंस्पेक्टर राजन सिंह गुर्जर को विजयपुर से हटाए जाने के बाद महिला थाना टीआई बना दिया गया। खास बात यह है कि इंस्पेक्टर राजन सिंह गुर्जर को महिला थाना टीआई बनाए जाने का आदेश दो घंटे के भीतर बदल गया। एसपी ने दो घंटे के भीतर राजन सिंह गुर्जर के तबादला आदेश को बदलते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया है।

दरअसल श्योपुर जिले में हालही में दो नए इंस्पेक्टर पदस्थ हुए है। जिनमें अरविंद सिंह तोमर और सुरजीत सिंह तोमर शामिल है। एसपी ने इंस्पेक्टर अरविंद सिंह तोमर को बडौदा टीआई बना दिया गया है। वहीं इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह तोमर को महिला थाना टीआई की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। जबकि महिला थाना टीआई की जिम्मेदारी संभाल रही इंस्पेक्टर यास्मीन खान का तबादला करते हुए उन्हें विजयपुर टीआई बना दिया गया है।

विजयपुर से हटाए टीआई को भेजा लाइन

विजयपुर थाने से हटाए गए इंस्पेक्टर राजन सिंह गुर्जर को एसपी ने पहले महिला थाना टीआई बना दिया गया है। लेकिन दो घंटे के बाद एसपी ने अपने तबादला आदेश को संशोधित करते हुए राजन सिंह गुर्जर को महिला थाना टीआई से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया है।

17 को होगा डांडिया एवं गरबा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के राधिका विलास में शारदीय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर को डांडिया एवं गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रास रंगीलो गुरप इंडिया एवं गरबा समिति जिला श्योपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन समिति के पदाधिकारी सचिन सिंह परमार ने बताया कि शारदीय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम 17 अक्टूबर को सायं 6 बजे से रात 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिंदू धर्म का पालन करने वाले परिवार सहित शामिल हो सकते है। इस कार्यक्रम के लिए पास की अनिवार्यता रखी गई है।

अभाविप श्योपुर नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी घोषित



श्योपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् श्योपुर नगर इकाई द्वारा नगर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला संयोजक गणेश शर्मा ने संगठन की कार्यपद्धति, विद्यार्थी परिषद् के उद्देश्य, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं सामाजिक दायित्वों के विषय में मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण शिविर के बाद श्योपुर नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमे नए सत्र की नवीन कार्यकारिणी नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष दिनेश मिश्रा और नगर मंत्री विष्णु वाल्मीक नियुक्त हुए। वहीं नगर उपाध्यक्ष कैलाश गुप्ता , विवेक शर्मा , वीरेंद्र रजक , संतोष शर्मा वहीं नगर सहमंत्री जतिन जाट , रोहित जोशी , मनीष प्रजापति , गौरव शर्मा , नूपुर श्रीवास्तव , महाविधालय प्रमुख विकाश जांगिड़ , ललित जाट, एसएफएस प्रमुख कपिल सुमन , प्रदीप प्रजापति एसएफडी प्रमुख कार्तिक जाट,गुरुसेवक सरदार, विधालय प्रमुख निखिल तिवारी , जसवंत मीणा , मेडिविजिन्न प्रमुख अजय गौर खेलो भारत प्रमुख शिवम ओझा , हेमनत अहरवल , सोशल मीडिया प्रमुख राहुल सुमन , पीयूष सेन , नगर छात्रवास प्रमुख उदित तिवारी , पीयूष मीणा राष्ट्रीय कलामांच प्रमुख रेशमा जाटव ,कविता नगर कार्यालय मंत्री सकसम चोधरी आदि कार्यकर्ता नियुक्त किया साथ में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा एवं विद्यार्थी हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प दिलाया गया।

खिरखिरी गांव का निवासी है मृतक छात्र, जांच में जुटी पुलिस

परीक्षा देने आए बीएससी छात्र ने पहले काटी हाथ की नस, फिर पेड़ से लटक कर लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर श्योपुर के मोरडूंगरी नदी क्षेत्र में एक युवक ने बीती रात को पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने से पहले उसने अपने हाथ की नस भी काट ली थी। मृतक युवक बीएससी का छात्र था और परीक्षा देने के लिए सोमवार को श्योपुर आया था। इस मामले की सूचना मिलने पर मंगलवार की सुबह घटना स्थल पर एसडीओपी श्योपुर आनंद कुमार राय, कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर सहित कोतवाली थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने युवक के शव को फांसी के फंदे से उतारकर उसका जिला अस्पताल में लाकर पीएम करवाया और फिर उसे शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया तथा मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक कराहल थाना क्षेत्र के गांव खिरखिरी निवासी खुश निहाल जाटव 19 वर्ष पुत्र लख्खू जाटव बीएससी का छात्र है तथा वह इंदौर में रहकर भी कोचिंग कर रहा था। सोमवार को खुश निहाल अपने गांव से परीक्षा देने के लिए श्योपुर आया था। चूंकि उसकी मौसी भी श्योपुर में रहती है, लेकिन वह रात को मौसी के यहां न रूकते हुए बायपास क्षेत्र में रहने वाले अपने दोस्त कन्हैया जाटव के कमरे पर रूका था।



एक पेपर में फेल भी हो गया था खुश निहाल

खुश निहाल ने फांसी लगाकर अपनी जान क्यों दी, इसका फिलहाल स्पष्ट कारण तो पता नहीं चल सका है और कोतवाली पुलिस भी मर्ग दर्ज कर इस मामले की जांच कर रही है। मगर बताया जा रहा है कि वह एक पेपर में फेल भी हो गया था, जिसकारण उसकी उस विषय में पूरक आ गई थी। शायद अब इसी बात को लेकर उसने मानसिक तनाव में आकर यह कदम उठा लिया हो।

दोस्त से फोन पर कहा तुम सो जाओ, मैं अभी घूम रहा हूं

बताया जा रहा है कि रात 10 बजे खुश निहाल अपने दोस्त के कमरे पर खाना खाकर घूमने के लिए निकल गया। जब रात 11 बजे के आसपास दोस्त ने फोन लगाकर वापस आने की पूछी तो खुश निहाल ने फोन पर ही दोस्त से कहा कि तुम तो सो जाओ, मै तो अभी घूम रहा हूं। इसके बाद खुश निहाल ने अपने भाई के फोन पर फोन लगाकर अपनी मां से बातचीत की और फिर इंदौर में रहने वाले अपने दोस्तो को भी फोन करके अपने नोट्स अपने पास रख लेने के लिए कहा। बताया जा रहा है कि इसके बाद खुश निहाल ने रात 2 बजे के आसपास ब्लैक के जरिए अपने हाथ की नस काट ली और फिर इस बारे में अपने कुछ परिचितो के मोबाइल पर मैसेज भी किए। हाथ की नस काटने के बाद खुश निहाल मोरडूंगरी नदी के किनारे लगे पेड से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। जिसका पता सुबह वहां से गुजरे लोगो के द्वारा शव फांसी पर लटका देखकर चला।

जांच कर रहे हैं...

परीक्षा देने के लिए श्योपुर आए खुश निहाल की मौत आत्महत्या ही है। लेकिन उसने फांसी लगाकर आत्महत्या किन कारणो के चलते की है। इसकी मर्ग दर्ज करके जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो स्थिति सामने आएगी, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सत्यम सिंह गुर्जर
टीआई कोतवाली श्योपुर

2 लाख 62 हजार बच्चों को खिलाई एलबेण्डाजोल टेबलेट

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा मंगलवार को पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर में बच्चों को डी-वार्मिंग टेबलेट खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की शुरूआत की गई। उन्होंने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों तमन्ना मीणा, पार्थ एवं आराध्य को एलबेन्डाजोल की टेबलेट खिलाकर की। इसके साथ ही विद्यालय के सभी बच्चों को टेबलेट खिलाई गई। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. डीएस सिकरवार, स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अनिल मीणा, टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश मीणा, तहसीलदार दीपेश धाकड़, स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी आरबी शाक्य आदि उपस्थित रहे।

स्कूल चलें हम अभियान
शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर (म.प्र.)

दूरभाष- 9752117745 E-Mail ID :- zsksprmp@gmail.com

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं सहायक परियोजना समन्वयकों के पदों की पूर्ति के संबंध में

राशिके भोपाल का पत्र क्रमांक/राशिके/स्था. / 2026/4969 भोपाल दिनांक 02.09.2026 के निर्देशानुसार विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं सहायक परियोजना समन्वयक के पदों की पूर्ति वर्तमान में रिक्त पद एवं भविष्य में रिक्त होने वाले पदों के लिये अर्हताधारी लोकसेवक जिनकी आयु 01.07.2026 की स्थिति में 56 वर्ष से अधिक न हो, की लिखित परीक्षा के माध्यम से की जानी है। कार्यालयीन कार्य दिवस में विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर आवेदन जमा किये जा सकते है। विस्तृत विवरण कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर के सूचना पर चस्पा किया गया है।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर (म.प्र.)

खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम सिहोरा निवासी रवि पुत्र गुडडा कुशवाह उम्र 35 साल ने अपने ही घर के आंगन में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मगृ का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

बाईक की टक्कर से युवक घायल

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत महुआलमपुर निवासी राजासिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडए 9975 के चालक ने चंदेरी के रोड़ पर ग्राम डंगोरा फूट पर अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जिले में ऑनलाइन फ्रॉड के दो मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में ऑनलाइन फ्रॉड के दो मामले अलग अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत मेघा ड्रीम सिटी कॉलोनी निवासी विवेक रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी ने चार ट्रांजेक्शन 32500 रूपए अपने खातों में डलवा कर उसके साथ धोखाधड़ी की है। इसी प्रकार जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम भ्याना निवासी अभिषेक पटेरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी ने ऑनलाइन लिंक के जरिए 26200 रूपए धोखाधड़ी पूर्वक खाते से निकाल लिए। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

माधव नेशनल पार्क शिवपुरी से जांच दल आया, कई तेंदुओं के मामले पहले भी आ चुके हैं सामने

अवैध शिकार के फंदे में फंसा तेंदुआ, दर्दनाक मौत, वन विभाग और पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी





अवैध शिकार और फंदा लगाने वालों पर कसेगी कमर

हालांकि वन विभाग की सतर्कता के चलते पूर्व में कई तेंदुओं को सुरक्षित रेस्क्यू भी किया गया है, लेकिन खेतों में चोरी-छिपे फंदे लगाने वालों के खिलाफ अब निर्णायक कार्रवाई की तैयारी है। गैर-जमानती अपराध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत तेंदुए जैसे संरक्षित वन्यजीव का शिकार या फंदा लगाना गंभीर गैर- जमानती अपराध है।

वन विभाग क्षेत्र के निदानपुर गांव के पास एक 4 से 5 साल के तेंदुए का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। चंदेरी-पिछोर मार्ग से महज आधा किलोमीटर दूर निदानपुर रोड से सटे एक खेत में जानलेवा फंदा लगा हुआ था, जिसमें फंसकर तेंदुए की तड़प-तड़पकर दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी रितिका यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को सील कर गहन जांच शुरू की। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में जंगली सूअर का शिकार करने की नीयत से यह फंदा बिछाया गया था,जिसकी चपेट में यह बेजुबान तेंदुआ आ गया।

माधव नेशनल पार्क से पहुंची डॉग स्क्वाड, फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे जा रहे सैंपल घटना की गंभीरता को देखते हुए माधव नेशनल पार्क से विशेष डॉग स्क्वाड की टीम को मौके पर बुलाया गया। डॉग स्क्वाड ने घटनास्थल के आसपास गहन सर्चिंग कर आरोपी की लोकेशन का सुराग लगाने का प्रयास किया। इसके साथ ही,मामले की सूक्ष्मता से जांच के लिए फॉरेंसिक लैब को सैंपल भेजे जा रहे हैं। वन विभाग का कहना है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम के आधार पर आरोपियों पर शिकंजा कसा जाएगा।

बार-बार दोहराई जा रही लापरवाही

हरी-भरी पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरे चंदेरी क्षेत्र में वन्यजीवों की लगातार आवाजाही रहती है। इसके बावजूद बीते कुछ समय में 3 से 4 तेंदुओं की अप्राकृतिक मौत होना बेहद चिंताजनक है। इससे पहले पड़ोसी गांव सिंहपुर में भी इसी तरह फंदा लगाकर तेंदुए को मौत के घाट उतारा गया था। यदि समय रहते किसी की नजर इस तेंदुए पर पड़ जाती,तो शायद इसकी जान बचाई जा सकती थी।

कठोर कार्रवाई की चेतावनी

प्रशासन ने साफ कर दिया है कि फंदा लगाने वाले आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों को सख्त जेल की सजा के साथ कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों से अपील यदि कोई भी व्यक्ति खेत या जंगल की सीमा पर तार या फंदा लगाता दिखता है, तो उसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

वन्यप्राणी तेंदुआ के शिकार में अपराधियों की गिरफ्तारी।

वनमण्डल अशोकनगर के वन परिक्षेत्र चन्देरी में सोमवार को प्रातः 07 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर वन परिक्षेत्र चन्देरी अन्तर्गत वन बीट सिंहपुरत ताल के वनकक्ष क्रमांक आर.एफ.133 के समीपस्थ लगे राजस्व क्षेत्र में एक खेत में मृत तेंदुआ की सूचना प्राप्त होने पर वन अमले द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौका स्थल पर पहुंचकर मृत तेंदुआ की निगरानी की गई। इस घटनाक्रम से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। प्रथम दृष्टया तेंदुआ की मृत्यु कमर में फन्दा लगा होने से होना परिलक्षित हुआ। वन अमले द्वारा खेत के मालिक का पता लगाकर उनसे पूछताछ की गई। माधव टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वायड दल दवारा क्षेत्र की छानबीन की गई तथा अपराधी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें न्यायालय द्वारा अपराधी को न्यायायिक अभिरक्षा में भेजा गया। अशोकनगर जिले के पशुचिकित्सा अधिकारियों द्वारा मृत तेंदुआ का शव परीक्षण किया गया। खेत मालिकों द्वारा फन्दा अथवा झटका मशीन लगाये जाने से वन्यजीव उसमें फस जाते हैं। वनविभाग द्वारा वनक्षेत्र के समीपस्थ लगे खेतों के मालिकों से जानवरों को पकड़ने हेतु फन्दा अथवा झटका मशीन नहीं लगाये जाने की अपील की गई। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मृत तेंदुआ का अंतिम संस्कार विधिवत रूप से किया गया।

इनका कहना है

घटनास्थल की मार्किंग कर माधव नेशनल पार्क की डॉग स्क्वाड टीम से सर्चिंग कराई गई है। फॉरेंसिक जांच हेतु सैंपल भेजे जा रहे हैं। खेत में जानलेवा फंदा लगाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रितिका यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी, चंदेरी

शाढ़ौरा में कांग्रेस का कुनबा बढ़ा



शाढ़ौरा। कांग्रेस संगठन को शाढ़ौरा ब्लॉक में उस समय मजबूती मिली, जब ब्लॉक के कई युवा साथियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के साथ जुड़ने का निर्णय लिया। सदस्यता कार्यक्रम बाबा साहब जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में, अशोकनगर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह की मौजूदगी तथा ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर युवाओं ने कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास जताते हुए संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी नवागत सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन में पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में रामू रघुवंशी, संस्कार भार्गव, ऋषि रघु (सेमरी शाहबाद), शशांक रघु (सेमरी लोहाबाद), धर्मेंद्र रघु (किरोंदा), विशाल रघुवंशी, लल्लन रघु, अनुराग रघु (खेजरा खुर्द), श्रीराम साहू (शाढ़ौरा), आदित्य साहू, अर्जुन रघुवंशी, प्रशांत अहिरवार वंश शर्मा और दीपक रघुवंशी सहित अनेक युवा शामिल रहे।

नया पार्क निर्माण करने जनसुनवाई में एसडीएम को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



परमार्थ सेवा संगठन के सेवा मित्रों ने कुटी मंदिर के पास नया पार्क निर्माण करने की मांग को लेकर एसडीएम को जनसुनवाई में ज्ञापन दिया है। संस्था सचिव उमेश शर्मा ने बताया कि बस स्टैंड के पास प्राचीन कुटी मंदिर है जो कि भगवान शंकर एवं हनुमान जी का मंदिर है। इसी मंदिर के पास शासकीय भूमि पड़ी हुई है, यहां बहुत ही अच्छा पार्क बनाया जा सकता है। जिसमें बस स्टैंड के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा, शहर के बीचो-बीच होने के कारण बुजुर्ग माता बहनों को भी एक भ्रमण करने का स्थान मिल पाएगा, वही ज्ञापन में मांग की गई है कि पार्क में युवाओं के लिए व्यायाम उपकरण लगाया जाए एवं बच्चों को खेलने के लिए भी उपकरण लगाया जाए।

इस क्षेत्र में आसपास कहीं पार्क भी नहीं है, संस्था कोषाध्यक्ष प्रमोद राय ने बताया कि मंदिर के सामने से जो रोड जाती है वह सांई धाम की पुलिया एवं बस स्टैंड को आपस में जोड़ती है। यदि रोड सीसी पक्की बन जाएगी तो यहां से ट्रैफिक परिवर्तित होगा। जिसमें आम जनता को बहुत राहत मिलेगी। आए दिन पुलिया वाली इस रोड पर जाम लगा रहता है।

ज्ञापन के माध्यम से नवीन पार्क के निर्माण के साथ-साथ रोड निर्माण एवं सौंदर्यकरण, युवाओं के लिए व्यायाम उपकरण सामग्री, बच्चों के खेलने कूदने हेतु सामग्री, शुद्ध पेयजल, लाईट व्यवस्था आदि की मांग ज्ञापन के माध्यम से परमार्थ सेवा संगठन के सेवा मित्रों ने की है।

युवाओं में ऊर्जा, प्रतिभा और नई सोच का समन्वय देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है: उपाध्याय

शासकीय कन्या महाविद्यालय में फिट इंडिया योग एवं ध्यान कार्यक्रम एवं सी.एम. यूथ कॉन्क्लेव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना





शासकीय कन्या महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत फिट इंडिया योग एवं ध्यान कार्यक्रम एवं सी.एम. यूथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सोनाली राय ने योग, ध्यान एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए छात्राओं से योग एवं ध्यान को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में ऊर्जा, प्रतिभा और नई सोच का समन्वय देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवाओं से जुड़े आह्वान का उल्लेख करते हुए छात्राओं से अनुशासन, संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की बात कही।

सचिन समैया ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं समाज को स्वास्थ्य, सेवा, जागरूकता तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों से जोड़ना है। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विकास सिंह राजपूत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग एवं ध्यान केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक एकाग्रता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने छात्राओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग एवं ध्यान तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं से शासन द्वारा संचालित ऐसे अभियानों में सक्रिय सहभागिता करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की प्रभारी महिमा रोहित रहीं तथा मंच का सफल संचालन डॉ. आशीष गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने सभी अतिथियों, छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार ने ऑटो चालक और बाईक में टक्कर मारी

अशोकनगर। अशोकनगर थूवोन रोड़ पर ग्राम मनकपुर के समीप एक कार के चालक ने सामने से आ रही एक बाईक और एक ऑटो में टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो चालक सुनील अहिरवार व बाईक चालक अभिषेक घायल हो गए। इस घटना में ऑटो चालक के पैर में चोटे आई हैं और हाथ की हडडी टूट गई है। जबकि अभिषेक अहिरवार जो मोहरी तारई का निवासी है वह अपने भाई के साथ आ रहा था तथा पीछे बैठा हुआ था। बाईक चालक को कोई चोटे नहीं आईं। कार चंदेरी से अशोकनगर की ओर आ रही थी, घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया।

चंदेरी में आयरलैंड की पर्यटक ने मनाया जन्मदिन

रामनगर तालाब पर पिकनिक का आयोजन विभिन्न देशों के पर्यटकों ने लिया हिस्सा



चंदेरी। ऐतिहासिक नगरी चंदेरी हर दिन अपने नए अनुभवों और अनूठे कार्यक्रमों के माध्यम से देश-विदेश के पर्यटकों की पसंद बनती जा रही है। इसी क्रम में आयरलैंड की पर्यटक जोआन ने चंदेरी प्रवास के दौरान अपना जन्मदिन साथ आए विदेशी पर्यटकों के बीच होटल में उत्साह और खुशी के साथ मनाया।

इस अवसर पर न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, स्विट्जरलैंड और स्कॉटलैंड से आए पर्यटक भी मौजूद रहे। ग्रुप लीडर अंकिता जी ने जोआन के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए रामनगर तालाब पर विशेष पिकनिक का आयोजन किया। प्राकृतिक वातावरण के बीच हुए इस आयोजन में पर्यटकों ने आपस में खुशियां साझा कीं और जन्मदिन का जश्न मनाया। अचानक आयोजित किए गए इस सरप्राइज कार्यक्रम से जोआन सहित सभी पर्यटक बेहद उत्साहित नजर आए। जोआन ने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए ग्रुप लीडर अंकिता, साथ आए सभी पर्यटकों का आभार व्यक्त किया।

आदतन अपराधी 64 लीटर देशी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की थी लगातार नजर



पुलिस ने एक आदतन अपराधी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 64 लीटर देशी अवैध शराब जब्त की है। पकड़ी गई अवैध शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त बाइक की कीमत 85 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

थाना प्रभारी अनूप यादव अनुसार मुखबिर की सूचना पर 4 अक्टूबर को ग्राम रूपऊ रोड पर घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मौके से रितिक यादव पिता दातार सिंह यादव उम्र 28 वर्ष, निवासी भगत सिंह वार्ड, बीना को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 64 लीटर देशी अवैध शराब एवं एक पुरानी बाइक कुल कीमत करीब 85 हजार जब्त की गई।

थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया गिरफ्तार आरोपी रितिक यादव आदतन अपराधी है। जिसके विरुद्ध पूर्व से हत्या, लूट, अवैध हथियार रखने एवं मारपीट सहित कई आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। कुछ समय पूर्व आरोपी का सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराते हुए वीडियो सामने आया था। जिसके बाद से ही पुलिस उस पर लगातार नजर रखें हुई थी। अवैध हथियार रखने के प्रकरण में जेल से छूटने के बाद भी आरोपी की गतिविधियों पर पुलिस द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही थी। इसी सतत निगरानी एवं मुखबिर तंत्र की सक्रियता के परिणामस्वरूप आरोपी को अवैध शराब के साथ पकड़ने में सफलता मिली।

थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सागर अनुराग सुजानिया के निर्देशन में आयोजित किए जा रहे जन चौपाल कार्यक्रमों एवं नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के कारण आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। अब नागरिक संदिग्ध गतिविधियों एवं नशे के अवैध कारोबार की जानकारी सीधे पुलिस तक पहुंचा रहे हैं। जनता से प्राप्त सूचनाओं और पुलिस के सक्रिय सूचना तंत्र के बेहतर समन्वय से अपराधों की रोकथाम में लगातार सफलता मिल रही है।

सराहनीय भूमिकाः अवैध शराब पकड़ने वालों में थाना प्रभारी अनूप यादव, उप निरीक्षक लखन राज, सहायक उप निरीक्षक प्रीति थापा, प्रधान आरक्षक गजेंद्र मिश्रा, आरक्षक प्रेम जीत, भूपेंद्र सोलंकी, सूरज शर्मा, बृजेन्द्र सिंह, अर्पित मिश्रा, भानू तोमर एवं दिनेश राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।